आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- संसद ने केंद्रीय बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस का अनुमोदन कर दिया है।
- द्वीपसमूह में तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव जारी।
- सांसद ने कहा–द्वीपसमूह के छात्रों के लिए नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की जाएगी।
- विश्व होमियापैथी दिवस पर आज शहीद द्वीप में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन।

<><><><><><><>

संसद ने केंद्रीय बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस का अनुमोदन कर दिया है। राज्यसभा ने कल वित्त विधेयक–2025 और विनियोग विधेयक संख्या–तीन–2025, चर्चा के बाद लोकसभा को लौटा दिया। इसके साथ ही 2025–26 के लिए बजटीय प्रक्रिया पूरी हो गई है। लोकसभा ने मंगलवार को वित्त विधेयक 2025 को मंजूरी दे दी थी। वित्त विधेयक का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि वित्त विधेयक 2025 का उद्देश्य कर निश्चितता लाना, व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देना और भारतीय करदाताओं का सम्मान करना है। वित्तमंत्री ने कहा कि वित्त विधेयक में औद्योगिक वस्तुओं के लिए कुछ सीमा शुल्क दरों को हटाने का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त विधेयक का एक और प्रमुख आकर्षण स्रोत पर कर कटौती टीडीएस दरों को युक्तिसंगत बनाना है। उन्होंने कहा कि वस्तुओं की बिक्री के संबंध में स्रोत पर कर संग्रह टीसीएस की आवश्यकता को पूरी तरह से समाप्त करने का प्रस्ताव है। वित्तमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन और लाभों को संशोधित करने के लिए आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की स्थापना को मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्री ने बताया कि भारत कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय साहित्य की समृद्धि और द्वीपवासियों के बीच साहित्यिक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, कला और संस्कृति विभाग एवं साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सहयोग से–'बियॉन्ड होराइजन–ऑल इंडिया राइटर्स फेस्टिवल' का आयोजन किया गया। कल से शुरू हुआ यह साहित्य महोत्सव उनतीस मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर द्वीपसमूह के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.

के. जोशी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस साहित्य महोत्सव में विभिन्न भारतीय भाषाओं के लेखकों और कवियों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य साहित्य प्रेमियों के लिए एक समृद्ध अनुभव बनाना है। इस अवसर पर द्वीप प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार, साहित्य अकादमी के सचिव श्रीनिवास राव और प्रशासन के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। उपस्थिति को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने साहित्य रचनाओं का उल्लेख किया।

इस मौके पर विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत विविध कार्यक्रम पेश किए गए। कार्यक्रम का समापन कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव ज्योति कुमारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

<><><><><><><>

पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्यों में एम.एससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में द्वीपसमूह के छात्रों के सीटों के आरक्षण के लिए सांसद बिष्णु पद रे ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा जी के समक्ष मामला उठाया। सांसद के अनुरोध के जवाब में, मंत्री ने बताया कि इस मामले को आगे के विचार के लिए संबंधित राज्य सरकारों को आगे की प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य देश भर के प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए द्वीपसमूह के छात्रों के लिए अवसरों को बढ़ाना है। इसके अलावा, मंत्री ने सांसद को सूचित किया है कि सरकार ने पूरे भारत में एक सौ सतावन नए नर्सिंग कॉलेजों को मंजूरी दी है। इनमें से, मौजूदा मेडिकल कॉलेज के साथ–साथ श्री विजयपुरम में एक नया नर्सिंग कॉलेज स्थापित किया जा रहा है। नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से स्थानीय छात्रों को लाभ मिलेगा।

<><><><><><><>

विश्व होमियोपैथी दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा आज शहीद द्वीप में निःशुल्क होमियोपैथी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वास्थ्य शिविर शहीद द्वीप में सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगा, जहां आयुष विभाग के डॉक्टरों और कर्मचारियों की टीम द्वारा आम जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। आयुष अस्पताल के होमियोपैथी चिकित्सा अधिकारी ने सभी मरीजों को इस अवसर का लाभ उठाने को कहा है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की ओर से कार्यकारी सहायक स्मृति चरण ने टुसनाबाद गांव का दौरा किया। उनके साथ खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा और टुसनाबाद पंचायत के प्रधान आनन्द अमृत राज भी मौजूद रहे। इस दौरे का उद्देश्य उन विद्यार्थियों तक शिक्षा पहुंचाना था, जो किसी कारणवश स्कूली शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, उन्हें गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा नहीं मिल पाती है। इस अवसर पर एन आई ओ एस के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस सुविधा का लाभ उठा सके।

<><><><><><><>

अनिडको के वार्षिक स्टॉक वैरीफिकेशन के कारण अनिडको के सभी पेट्रोल पम्प इक्कतीस मार्च को दोपहर दो बजे से बंद रहेंगे।

उधर, सागरिका एम्पोरियम एक से छः अप्रैल तक बंद रहेगा। इसके अलावा मिडिल प्वाइंट, वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, सेल्यूलर जेल और स्वराज द्वीप स्थित सागरिका के सभी आउटलेट भी बंद रहेंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम का कला और संस्कृति विभाग, नेशनल बुक ट्रस्ट के सहयोग से, एक से दस अप्रैल तक दस दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन करेगा। इस सिलिसले में पुस्तक मेले की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज सुबह साढ़े दस बजे सचिवालय के लघु सम्मेलन कक्ष में कला एवं संस्कृति सचिव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी संबंधित विभागों से उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में एक से ग्यारह अप्रैल तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायधीश न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा रे मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

कला और संस्कृति विभाग की ओर से तीन दिवसीय साहित्य महोत्सव ''क्षितिज से परे–अखिल भारतीय लेखक उत्सव'' के शुभारंभ की खबर को द डेली टेलीग्राम्स ने ने अपनी पहली हेडलाइन बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने शीर्षक दी है–साहित्यिक उत्सव में वाणी, संस्कृति और रचनात्मकता का समागम। द्वीप समाचार ने भी इस खबर को प्रमुखता देते हुए राजभाषा विभाग की ओर से डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में आज आयोजित होने वाले हास्य कवि सम्मेलन को बॉक्स में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने स्वराज द्वीप में तीन हजार पांच सौ चौबीस ऑलिव रिडले कछुए को समुद्र में छोड़े जाने के समाचार को प्रमुखता देते हुए पहले पन्ने में प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने में जगह दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स की ओर से इंडिया टूरिज़्म के सहयोग से द्वीप पर्यटन को बढ़ावा देने पर बैठक आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने के निचले भाग में सचित्र प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**